हम जिंदगी की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। उम्र से ज्यादा जानकारी हासिल कर लेने की कवायद है, एक–दूसरे को पछाड़ने की कोशिशें और हर क्षेत्र में गलाकाट प्रतियोगिताएँ। हर बात से हम विचलित हो जाते हैं। हम बाहर ही भटकते रहते हैं, कभी अपने भीतर झांकने का अवसर ही नहीं मिलता। कभी कोशिश भी होती है, तो बाहरी भटकाव सोच को बाधित कर देता है। सच पूछे तो स्थूल शरीर की विभिन्न मांगे अनवरत हमें उलक्षाऐं रखती हैं। लेकिन हम अपना मूल्यांकन करना चाहते हैं, तो हमें अंतस की दुनियाँ में जाना होगा, जहाँ बाहरी दुनियाँ के उलट बेहद शान्ति है, खूबसूरती है। खूबसूरत इसलिये कि जिस जगह पर मन रम जाए और बार–बार जाने को दिल करे, वह जरूर ही सुन्दर जगह होगी। इसी अंतर्मन में तो हमें अपना वास्तविक परिचय मिलता है। इसलिये यहाँ पहुँचने का मार्ग भी जटिल है, लेकिन खूबसूरती का यह रास्ता डरावनी दुनिया से होकर जाता है। डरावनी इसलिए, क्योंकि इस रास्ते पर हमारा सामना अपने ही अवगुणों से होता है। हमें उन अवगुणों से युद्ध कर उन्हें परास्त करना होता है, तब जाकर हम शान्ति और खूबसूरत दुनियाँ में प्रवेश करते हैं। अपनी कमजोरियों का अवलोकन करना ही आत्म विश्लेषण है। बाहर की दुनियाँ में यह सम्भव नहीं हो पाता, क्योंकि कोई उन्हें इंगित भी करे, तो हम उन्हें सहज भाव से स्वीकार नहीं कर पाते।

दार्शनिक कहते हैं कि बाहर के आकर्षण को छोड़ कर अपने भीतर डुबकी लगाओ। अपने आपको पहचानो। बड़े–बड़े ऋषि–मुनि ध्यान करने के लिए गुफाओं के एकान्तवास का सहारा लेते थे, किसी मार्गदर्शक के पास क्षणिक सुख मिलता है, पर सच्चा गुरु अपने अन्दर की सैर का रास्ता बता सकता है। दुनियाँ के झमेले से दूर क्षण भर की भी शान्ति का रसास्वादन आपको हर दिन उस प्रक्रिया से गुजरने के लिये बाध्य करेगा। एक बार यह लत लग गई तो फिर अपने अन्दर की उस खूबसूरत दुनियाँ तक पहुंचने में देर नहीं लगेगी। ध्यान के लिए प्रतिबद्ध होकर नियमित अभ्यास करना होगा, तब मन के अन्दर ऐसा बिन्दु मिल जायेगा – जो बार–बार बुलाऐगा। व्यष्टि से समष्टि की ओर हम उन्मुख होगें और हमारा स्वातः सुखाय का दृष्टिकोण परहित में बदल जाएगा।

स्वयं को जान लेना आसान नहीं है, पर शुरुआत तो हो सकती है। इससे अपने स्वभाव और व्यवहार में भी परिवर्तन दिखाई देता है। हमें अपने जीवन का उद्देश्य समझ में आ जाऐगा, जो प्रेम है। शिकवा–शिकायत, लड़ाई–झगड़े या ईर्ष्या–द्वेष में निरर्थकता दिखाई देगी। उच्छंखलता के स्थान पर गांभीर्य का प्रादुर्भाव होगा।

❑❑❑

सच्ची पूजा

– रामजीलाल अरोड़ा



ज्ञान अपने लिये,
सेवा दूसरे के लिये
प्यार हो सबके लिये
फिर जाना जरूरी नही
मंदिर आरती के लिये
ना जरूरी है तीर्थ यात्रा जाने के लिए
प्यार ही हो प्यार सबके लिये
यही है सच्ची पूजा ईश्वर के लिये।

❑❑❑

सफलता के उपाय

- दीप्ति बसु



अपना नजरिया बदल कर हम अपनी जिन्दगी को बेहतर बना सकते है।

– हमें मौके का उपयोग करना चाहिये, हमें मौके को गंवाना नहीं चाहिये। सही वक्त पर सही फैसला लेना बहुत जरूरी है।

– आदमी को हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिये क्योंकि सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति हर समस्या को अपनी कामयाबी की सीढ़ी बना लेता हैं, बल्कि नाकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति के लिए हर समस्या रास्ते का रोड़ा बन जाती हैं।

– हमें अपने ऊपर आत्म–विश्वास और दृढ़–निश्चय रखना चाहिये कि हम जो काम कर रहे हैं वह सही है और हमें ये करना है तो करना ही है।

''कामयाबी की बुनियाद–नजरिया''

– असलियत को दिखावें पर हावी होना चाहिये। न कि दिखावे को असलियत पर।

''एक बार एक आदमी मशहूर फ्रांसीसी दार्शनिक ब्लेज पास्कल से मिला और उसने कहा–अगर मेरे पास आपके जैसा दिमाग हो तो मैं बेहतर इंसान बन जाऊँगा। इस पर पास्कल ने जवाब दिया–बेहतर इंसान बनो तुम्हारा दिमाग खुद–ब–खुद मेरे जैसा हो जायेगा।''

– ज्ञान को योजना–ढंग से समझदारी में बदला जा सकता है, और समझदारी हमें कामयाबी दिलाती हैं। शिक्षक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। उनका प्रभाव अनन्त काल तक रहता है।

– शिक्षा ऐसी होनी चाहिये, जो हमें केवल रोजी–रोटी कमाना नहीं बल्कि जीने का तरीका भी सिखायें।

❑❑❑

नव संकल्प

- सुधाकर 'बन्धु'



नयी सुबह है, नई उमंगे, भर लें अपने उर में,
छोड़ पुरानी चिंताओं को, बढ़ें प्रगति के पथ में।
आज जगत में सूर्य सुनहरा, निकल रहा मन भावन,
अब हम नित्य विकास करेंगें, कर ले मन में धारण।।

श्रम से, मन से, तन विक्रम से, करें अनूठे काम,
उर उमंग नव साहस भर के बढ़े चलें अविराम।
जितनी त्रुटियाँ हुई भूत में, उनको नष्ट करें हम,
भावी भारत भव्य भवन में, नूतन रंग भरें हम।।

ऋद्धि–सिद्धि सामर्थ्य बढ़ावें, भरें अथक भण्डार,
श्रमपूर्वक श्री वृद्धि करें हम, सुखमय हो संसार।
सुख सुविधा सम्पन्न विश्व हो, यह विकास का सार,
बनें विवेकी, कार्य कुशल सब, सहयोगी संसार।।

❑❑❑

बेटा और बेटियाँ

– सुगनचन्द जोनवाल



अगर बेटा वारिश है तो पारस है बेटियाँ।
अगर बेटा वंश है तो अंश है बेटियाँ।।
अगर बेटा दीपक है तो ज्योति है बेटियाँ।
अगर बेटा तेल है तो बाती है बेटियाँ।।
अगर बेटा सूरज है तो किरण है बेटियाँ।
अगर बेटा चाँद है तो चाँदनी है बेटियाँ।।
अगर बेटा फूल है तो सुगन्ध है बेटियाँ।
अगर बेटा हार है तो व्यवहार है बेटियाँ।।
अगर बेटा आन है तो शान है बेटियाँ।
अगर बेटा भाग्य है तो विधाता है बेटियाँ।।
अगर बेटा शब्द है तो अर्थ है बेटियाँ।
अगर बेटा गीत है तो संगीत है बेटियाँ।।
जब इतनी कीमती है बेटियाँ।
तो फिर क्यों मन को खटकती है बेटियाँ।।
जब कि सब को पता है –
बेटों को भी जनम देती है बेटियाँ।
इसीलिए कहा है – जीवन का उजाला है बेटियाँ।।

❑❑❑

विचारणीय सूत्र

– सीताराम खण्डेलवाल



– धन तभी सार्थक हैं,
जब धर्म भी साथ हो।
– विशिष्टता तभी सार्थक हैं,
जब शिष्टता भी साथ हो।
– सुंदरता तभी सार्थक हैं,
जब चरित्र भी शुद्ध हो।
– संपत्ति तभी सार्थक हैं,
जब स्वास्थ्य भी अच्छा हो।
– देवस्थान गमन तभी सार्थक हैं,
जब हृदय में भाव हो।
– अच्छा व्यापार तभी सार्थक हैं,
जब व्यवहार भी अच्छा हो।
– विद्वता तभी सार्थक हैं,
जब सरलता भी साथ हो।
– प्रसिद्धि तभी सार्थक हैं,
जब मन में निरअहंकारिता हो।
– बुद्धिमता तभी सार्थक हैं,
जब विवेक भी साथ हो।
– परिवार का होना तभी सार्थक हैं,
जब उसमें प्यार और विश्वास हो।

❑❑❑

मानवता को जगाओ

– मेवालाल जादम



अपना सुख ही मत देखो तुम।
अपनी सुविधा ही मत लेवो तुम।।
पशु भी यह तो कर लेता है।
खाता–पीता सो लेता है।।
देखो अपने चारो ओर।
बढ़ी गरीबी कितनी घोर।।
बहुत लोग है बिना सहारा।
कुछ का तो तुम बनो सहारा।।
उनका दुःख हो कैसे दूर।
सुख पावे कैसे भरपूर।।
कुछ सोचो कुछ करो उपाय।
मिट जाए कुछ उनकी हाय।।
मानवता को उठो जगाओ।
अच्छे काम में इसे लगाओ।।
काम करो तुम अच्छे सच्चे।
याद करे सब हिन्द के बच्चे।।
फूले जैसे निडर समाजी।
सत्य शोधक आते विश्वासी।
सावित्री से रखो विचार।
शिक्षा का करके प्रचार।।
शिक्षा का तुम दीप जलाओ।
अन्धकार को दूर भगाओ।।
भगत लाखा से लेवो ज्ञान।
साँची भगती हरी में ध्यान।।
लिख दी जिसने लाखो वाणी।
हरी मोड़ते खेत में पाणी।।
भला जगत में कर जावोगे।
सबकी याद में बस जावोगे।।
हैं लगा जगत में चला चला।
अन्त भले का होवे भला।।

❑❑❑

जीवन की एक सच्चाई

– राजेन्द्र कुमार शिवहरे



पुराने जमाने की बात है। किसी गांव में एक सेठ रहता था। उसका नाम नाथालाल सेठ था। वो जब भी गांव के बाजार से निकलता था, जब लोग उसे नमस्ते या सलाम करते थे, वो उसके जवाब में मुस्करा कर अपना सिर हिला देता था और धीरे से बोलता था कि ''घर जाकर बोल दूंगा''

एक बार किसी परिचित व्यक्ति ने सेठ को यह बोलते हुए सुन लिया। तो उसने कोतुहलवश सेठ को पूछ लिया कि सेठ जी आप ऐसा क्यों बोलते हो कि 'घर जाकर बोल दूंगा।'

तब सेठ ने उस व्यक्ति को कहा मैं पहले धनवान नहीं था उस समय लोग मुझे नाथू कह कर बुलाते थे और आज के समय मैं धनवान हूँ तो लोग मुझे नाथालाल सेठ कहकर बुलाते हैं। ये इज्जत मुझे नहीं धन को दे रहे है।

इसलिए मैं रोज घर जाकर तिजोरी खोल कर लक्ष्मीजी (धन) को यह बता देता हूँ कि आज तुमको कितने लोगों ने नमस्ते या सलाम किया। इससे मेरे मन में अभिमान नहीं आता है कि लोग मुझे मान या इज्जत दे रहे है। इज्जत सिर्फ पैसे की है इन्सान की नहीं।

❑❑❑

व्यवहार की सार्थकता

– जसवन्त सिंह पारख



भौतिक युग में अन्धानुकरण व भटकाव से बचने हेतु व्यवहारिक ज्ञान होना अति आवश्यक है। व्यवहारिक ज्ञान ही सफल जीवन जीने की कला श्रंखला की प्रथम कड़ी है।

मनुष्य प्राणी मात्र में एक ऐसा बुद्धिजीवी प्राणी है जो हर प्रकार से शरीरिक व मानसिक रूप से समृद्ध है, उसे सोच व समझ से जुड़ते हुए सभी कार्य करने होते है। मनुष्य अपने आपको ज्ञान पुंज से परिपूर्ण समझ सैद्धान्तिक रुप से अपने क्रिया कलापों को अन्य पर थोपना चाहता है लेकिन सिद्धान्त के लिए कहा गया है कि सिद्धान्त वह होता है जिसमें विचार, व्यवहार और विवेक तीनों का मिश्रण कर सिद्धान्त बनाये जाते है जो सर्वमान्य होते है।

दैनिक जीवन में मनुष्य अकेले रहकर जीवन निर्वाह नहीं कर सकता उसे अन्य से भी जुड़कर कार्य करने होते है, एक कहावत है – ''अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।''

भगवान महावीर का सदुपदेश जीओ (स्वयं) जीने दो (अन्य) के लिए यह सिखाता है कि हमें प्राणीमात्र के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। इसके लिए मनुष्य मात्र में व्यवहारिक ज्ञान अति आवश्यक है। जिससे जीवन केवल व्यक्तिगत न रहकर पारिवारिक, सामाजिक व धार्मिक आस्थाओं से भी जुड़ा हो, जिसके द्वारा जीवनोपार्जन हेतु अग्रसर हो वैवाहिक दाम्पत्य जीवन यापन करते हुए व्यवहारिक रुप से जिस क्षेत्र में वे कदम बढ़ायें वहां अपने सरल व्यवहार द्वारा अपना कार्य सफलतापूर्वक अंजाम दे सके व उत्तरोत्तर तरक्की की राह पर बढ़ते जावे। प्रोढ़ावस्था में अच्छे नागरिक बन सके व देश के प्रति सेवा दे सके। ज्ञान के काल्पनिकता से नही उसके यथार्थ से जुड़े। एक पौधा बरगद के पेड़ का रुप ले। ''छोटा पौधा बनता पेड़, सुख संपदा देता ढ़ेर।''

व्यवहार ही जीवन में एक ऐसी कला है जिस पर पूर्ण जीवन आधारित है। जो भी कर्म हम करते हैं वह अपने ही हित में करते है लेकिन हमें सब कार्यों में अन्य से भी जुड़ना होता है वहाँ कार्य की निपुणता व सफलता सामुहिक रुप से ही संचालन का परिणाम है।

''कथनी करनी में जब तक दूरी है, जीवन की हर जानकारी अधूरी है।

गीत हो आत्मा की भाषा, वरना लिखना ही क्या जरूरी है।''

बच्चों से सहिष्णुता, सद्व्यवहार का संचार होगा, तभी उनमें अनेक रचनात्मक, सृजनात्मक कार्यो की सुनियोजित योजनाऐं सफल हो सकेगी, और तभी मन में शांति, तनावों से मुक्ति, ममत्व, मैत्री का सूत्रपात हो सकेगा साथ ही जीवन की यह नाँव सांसारिक वैतरणी से पार हो सकेगी। मंजिल तभी पार होगी, लक्ष्य तभी पूरा होगा।

''कदम चूम लेती है, मन के जीते जीत।'' लक्ष्य पूर्ति करने वाले के मन में भय व पश्ताचाप नही होगा।

खेल रजो आलम से जो खेले नहीं, जिंदगी में फकत मुस्कराऐ तो क्या ?

जो सफीने तुला तुमसे उलझे नहीं, वो सफीने किनारे पे आएं तो क्या ?

जिसके दिल में खलू से मोहब्बत नहीं ऐसे इंसा की जग में जरुरत नहीं,

ऐसा इन्सान दुनिया में आए तो क्या, इंसान दुनिया से जाए तो क्या ?

दाम्पत्य जीवन सुखमय हो, इंसान आशावादी हो और सोच सकारात्मक।

धैय – व्यवहारिकता ही जीवन की सार्थकता।

❑❑❑

विपरीत स्थिति में मन को साधे

- एडवोकेट - पी. डी. अग्रवाल



हर व्यक्ति के मन में शांति की चाह है। किंतु चाहना से क्या कोई वस्तु प्राप्त हो जाती है? कोई यह सोचे कि मैं स्वस्थ रहूं, लेकिन दिनचर्या सुव्यवस्थित न रखे, खान–पान और रहन–सहन पर विवेक न रखे, इंद्रियों पर अंकुश न लगा पाए तो वह स्वस्थ रह सकेगा ? निश्चित ही नहीं बीमारियां उसे घेर लेगी ।

वास्तविकता यह है कि जीवन में अशांति इंसान ने उत्पन्न की है । वह भूल जाता है कि उसका मूल स्वरूप शांत है। वह दिन–रात शांति की खोज में भटकता रहता है। ऐसे में उसे शांति मिलेगी कैसे?

उसकी स्थिति कस्तूरी के मृग जैसी है जिसकी नाभि में कस्तूरी है। उसका भटकाव उस के लिए घातक हो जाता है। जो विपरीत परिस्थितियों में उग्र और व्यग्र न हो उसे शांतमना कहते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी शांत रहते हैं, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में जो मन की शांति को साधे वही सच्चा साधक है।

हम शांत रहना चाहे तो कोई हमें रोक नहीं सकता। शांत रहने का अर्थ है अपने स्वरूप में स्थिर होना। शांति हमारा स्वभाव है। इस स्वभाव से शांत है। प्रेम–करूणा हमारा स्वरूप है। कोई द्वेष में अधिक देर तक नहीं जी सकता । खूंखार से खूंखार व्यक्ति और जानवर सरीखे इन्सान मे भी प्रेम और करूणा की चिंगारी छिपी होती है । जो अवसर आने पर बुद्ध जैसी प्रकृति से जीवन को प्रेम और करूणा से भर देती है ।

यह बात अच्छी प्रकार से समझे कि जहां प्रेम होगा वहां वहां पूर्ण समर्पण भी होगा, समपर्ण प्रेम की शर्त नहीं। बल्कि समर्पण प्रेम का स्वभाव है। प्रेम में कोई शर्त नहीं होती । प्रेम में बलिदान की भावना होती है। दीपक के जलने का परिणाम प्रकाश है। अंधकार को नष्ट होना ही है।

जीवन में त्याग और सयंम जरूरी है। त्याग के बिना सयंम नहीं आता और सयंम के बिना शांति का अवतरण नहीं होता । आनन्द और शांति पदार्थों में नहीं इनके स्त्रोत हमारे भीतर है। अच्छे विचार ओर भाव से आनन्द मिलता है । इसके लिए बाहर भटकना छोड़कर भीतर झांकना होगा ।

❑❑❑

बागवानी करें – स्वस्थ रहें

– नाथूराम अरोड़ा



बागवानी से हरियाली रहती है। वहीं दूसरी तरफ आय व स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी होती है। इसलिए बागवानी जरूर करें।

कैलोरी खर्च होती हैं – उन लोगों के लिए खुशखबरी है, जो पहले से बागवानी करते हैं। रोजाना आधे घंटे बागवानी करने से शरीर की अच्छी खासी कैलोरी खर्च होती है। असल में बागवानी भी एक तरह का व्यायाम ही है। एक घंटे बागवानी करने से 330 कैलोरी खर्च होती हैं।

रक्तचाप नियंत्रित रहता हैं – हफ्ते में चार से पांच दिन तीस मिनट के लिए ही बागवानी करते हैं तो यह उच्च रक्तचाप को कम कर उसे नियंत्रित

करने का काम करती है। ऐसा डाक्टर भी मानते हैं। बागवानी करने से फेफड़े, हृदय और रक्तचाप की समस्या नही होती है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है – घर से बाहर बगीचो में आप अगर रोजाना पेड़ों की साफ–सफाई, पानी देना आदि काम करते हैं तो आप का शरीर सीधे सूर्य की रौशनी के संपर्क में रहता है, जिस से शरीर को पर्याप्त विटामिन 'डी' मिलता है। विटामिन 'डी' शरीर के कैल्शियम को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैल्शियम न केवल हड्डियों को मजबूत करने का काम करता है, बल्कि यह रोज प्रतिरोधक क्षमता को भी बेहतर बनाता है।

तनाव करती है दूर – बागबानी के समय आप प्रकृति के बहुत नजदीक होते हैं नए–नए फलों की कोंपले, ठंडी हवाओं में बसी फूलो की महक पेड़ों से गुजरती हवा की मद्धम धुन संगीत से कम नहीं होती। यह सारी चीजें दिमाग में बसे लाख तनाव पैदा करने वाली बातों को खत्म करने का काम करती है। जिस से आप तनाव मुक्त महसूस करते हैं और बहुत–सी बीमारियों की जड़ भी खत्म हो जाती है।

आप खुश रहेंगे – एक छोटे से बीज को पौधा बनते देखना, किसी फूल के पौधे पर फल की नई कलियां या फलों को देखना, उन्हें महसूस करना अपने आप में एक अलग अहसास होता है। किचन गार्डन में उगी सब्जी से कुछ बनाना आप को नया अहसास दिलाता है । प्रकृति अपने आप को किस तरह समृद्ध करती हैं, इसे महसूस करने से इसे देखने से जो प्रसन्नता होती है, वो शायद ही किन्हीं भौतिक चीजों से मिले।

❑❑❑

जीवन के चार दिन

– श्रीमती सुमन भार्गव



जीवन के दिन चार भैया,
जीवन के दिन चार
एक दिन जन्म हुआ,
जन्मोत्सव त्यौहार
ढोल बजे और थाली बजी,
मिला अतुलित प्यार,
गोदी गोदी पल कर,
ठुमक ठुमक पग चल कर, हुआ लाड़ दुलार
जीवन के दिन चार भैया, जीवन के दिन चार
दूजा दिन बचपन छूटा,
आँख खुली तो जग मग लगे संसार
उदय हुआ पुरुषार्थ ज्ञान का, महत्वकाँक्षायें भरमार
छूना है आकाश, भला भला लगे संसार
जीवन के दिन चार भैया, जीवन के दिन चार
तीजा दिन माया जोड़ी काया तोड़ी, पैर लिये पसार
मिला प्रेम व्यवहार और बढ़ा परिवार
काँधे पड़े जो बोझ, अब ढ़ोना है भार
जीवन के दिन चार भैया, जीवन के दिन चार
चार दिन चला चली का समय आया,
शिथिल हुआ शरीर, अंग हुए बेकार
खाँस खाँस कर हुए तिरस्कृत,
अब हो गये लाचार, बैठो घर के द्वार
सुनो सुमन की, भज लो प्रभु को, वो ही करेगा पार
जीवन के दिन चार भैया, जीवन के दिन चार

❑❑❑

जहाँ दुष्ट पत्नी, दुष्ट मित्र, मुंहफट नौकर जैसे सांप घर में हो
वहां मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। **– चाणक्य नीति**

आरक्षण की संरचना

- जयप्रकाश गुप्ता



आरक्षण क्या है ?

आरक्षण एक सुविधा है, जो 5 से 10 वर्ष की अवधि के लिए बाबा साहेब अम्बेडकर ने प्रस्तावित की थी। यह उन लोगों के लिए व्यवस्था है जो असहाय, पिछड़े और निम्न वर्ग को उच्च वर्ग के समकक्ष लाने हेतु थी। यह सुविधा उस वर्ग को आज तक नहीं मिली। बल्कि अनेक जाति, धर्म, सम्प्रदाय के व्यक्तियों ने समूह बनाकर इस आरक्षण की सुविधा को अधिकार मानकर मांग और लूट शुरु कर दी।

भारत वर्ष अनेक जाति, धर्म, सम्प्रदायों का केन्द्र है, जितने प्रकार के लोग इस देश में बसते हैं शायद ही किसी अन्य देश में हो। एक प्रमाण देखिए–भारत पर ब्रिटिश कम्पनी का शासन आया तो नियम कायदे भी उनके अपने ही थे जो उनके लिए विशेष थे। वे लोग धार्मिक आस्था निभाने के लिए प्रत्येक रविवार को चर्च जाकर अधिकांशत बल्कि सभी व्यक्ति अपनी उपस्थिति देकर धार्मिक प्रवृत्ति का निर्वाह करते थे। इसके लिए सरकारी कार्यालयों व अन्य में भी रविवार का अवकाश आवश्यक रुप से रखने लगे। सप्ताह में एक दिन अपने परिवार को दे सकें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर क्लबों में एन्टरटेनमेंट का लुत्फ उठाते थे। लेकिन भारत वर्ष में यह रविवार का अवकाश पक्का कानून बन गया जो बदस्तूर ब्रिटिश लोगों के भारत से चले जाने के बाद भी लागू है।

भारत वर्ष में इतने सम्प्रदाय हैं, जिनका ठीक से आंकलन करना मुश्किल है। यहाँ कोई व्यक्ति सोमवार को शिवजी, मंगलवार को हनुमानजी, बुधवार को गणेशजी, गुरु को बृहस्पति, शुक्रवार को वैभव लक्ष्मी, शनिवार को शनिदेव, राहु–केतु एवं रविवार को सूर्यदेव की उपासना करते हैं। यानी सप्ताह भर के सातों दिन देवताओं के नाम से व्यस्त हो गए। अब महिलाओं के देखिए कोई एकादशी, कोई दूज व भाई दूज, तीज पति की लम्बी आयु के लिए व्रत, चौथ, गणेश आराधना इत्यादि करके पूरे महिने और वर्ष पर्यन्त व्यस्त रहती हैं। एक समय था जब अशिक्षा बहुत थी लेकिन ज्यों ज्यों शिक्षा की ओर अग्रसर होकर शिक्षित हुए अन्य क्षेत्र में मानसिकता घर करने लगी। नये–नये संगठन, सम्प्रदाय बन गये।

इन सभी संगठनों ने स्वार्थपरता को महत्व दिया। अपने–अपने समाज को आरक्षण का अधिकार दिलाने के लिए सरकार के समक्ष नित नये प्रस्ताव रखने शुरु कर दिए। आज आरक्षण क्षमता 50 प्रतिशत को भी पार कर गई। फिर भी मांग अनवरत जारी है। सरकार भी अपने आगामी वर्षों में पुनः स्थापित होने या न होने की आशंका पर प्रतिबन्ध होने के कारण कदम उठाने में असहाय सी बनी रहती हैं। अब तो आरक्षण उस वक्त तक देश में पैठ बनाए रखेगा जब तक सभी चुनावी पार्टियाँ अपने हित में इसका दौहन करती रहेगी।

❑❑❑

बेटियों को जिन्दा रहना चाहिये

- केप्टेन सत्यनारायण सिंह राठौर



बेटियाँ तो जिन्दा रहना चाहिये,
राखी बाँधने के लिए बहिन चाहिए।
कहानी सुनने के लिए दादी चाहिए,
जिद पूरी करने के लिए मौसी चाहिए।
खीर खिलाने के लिए मामी चाहिए,
साथ निभाने के लिए पत्नी चाहिए।
पर ये सभी रिश्ते निभाने के लिए,
बेटियों को जिन्दा रहना चाहिए।

❑❑❑

संवेदनशीलता

– भीष्म कुमार वाधवा



आज हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुभव करते हैं कि मानव में परस्पर संवेदनशीलता की अत्यन्त कमी है। उसे मात्र अपना ही स्वार्थ दिखाई देता है। उसे समाज की पीड़ा, दुःख–दर्द, कमी, परेशानी समस्या दिखाई तो देती है, परन्तु वह उसे अपना नहीं समझ कर आंखे मूंद लेता है। हुडदंग मचाना, दूसरों को हानि पहुँचाकर स्वार्थ सिद्ध करना ये सब संवेदनहीनता के परिणाम हैं।

आज निम्न से लेकर उच्च पद तक आसीन अपने सामाजिक दायित्वों को भूल असन्तुलन का वातावरण व्याप्त करते जा रहे है। धनी व्यक्ति, प्रभावशाली राजनेता तनिक इस ओर प्रयास करें तो समाज में कोई समस्या ही नही रहेगी। ऐसा करने से दीनता, हीनता दूर करने में आत्मिक शान्ति, सन्तुष्टि और जन कल्याण ही होगा।

संवेदना की कमी से सम्पन्न लोग राष्ट्र का अहित कर अपने हित को अधिक महत्त्व दे रहे हैं। हमारे देश में देश प्रेमियों और बलिदानियों की कमी नही। यहाँ अनेक वीर सेनानी, ऋषि मुनि हुए हैं जिन्होने देश को नई दिशा व दशा दी तथा देश की माटी को माता का स्वरूप मानकर अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। हमारा इतिहास ऐसे अनेकों उदाहरणों से भरा है।

देश तभी सम्पन्न व स्वावलम्बी व विकसित होता है जब प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे के लिए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करेगा और उच्च आदर्शों पर चल कर देश की स्थिति को सुधारने का जिम्मा लेता है।

किसी ने कहा है –

जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।।

आगे और भी कहा है –

न त्वहं कामये राज्यं, न स्वर्गं ना पुर्न भवम।
क़ामये दुख तप्तानाम्, प्राणिना मार्ति नाशनम्।।

अन्त में –

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद दुख भाग भवेत्।।

❑❑❑

होली, दिवाली और ईद

– जसवन्त सिंह चौहान




होली, दिवाली, ईद है आती,
इन त्यौहारों पर देखी रीत।
गले, से गले सब मिलते है,
और त्यौहारो पर नही है रीत।
नदी किनारे एक कतार में,
जलते सुन्दर कैसे दीप।
मरना हँस कर कुछ कहते है,
बोल नही सकते है दीप।
सूर्य चन्द्रमा, प्रकाश ही करते,
तारे टिम–टिम करते बीच।
करती रीत है इन को देखो,
धरती और गगन के बीच।
होली, दीवाली, ईद के अवसर पर,
गले से गले मिलते है
एक मत होकर के सब कहते है,
रखलो सब भाईयों से प्रीत।
कौनसा अवसर आयेगा ऐसा,
जब सभी मिलते है मीत।.....

❑❑❑

स्वच्छता अभियान

– प्रेमशंकर शर्मा



मैं अपने आप को
महान देश का नागरिक समझ
बैठा।
चारों और गंदगी का पहाड़ देखा
यहां सभी अपने आप में सीमित है
मैंने पड़ोसी को पड़ोसी के घर
कचरा डालते देखा।
क्यों भूल जाते हैं लोग अपने कर्त्तव्यों को
सरकार से अपने अधिकारों की मांग कर बैठा।
आप की सोच बहुत संकुचित है
अपने आप को स्वच्छ
पड़ोसी को गंदा रखना चाहते हैं
कभी आपने ऐसा किया है
नहीं किया है तो करके देखो।
आप का शिशु पोटी कर देता है
गंदा हो गया है
अपने हाथों से
शिशु को सड़क पर फैंक कर देखो।
आप शिशु को धोकर
साफ करके उसे गले से लगाते है
क्या आप सफाई अभियान चलाते है।
अगर नही चलाते है
तो अपना कर्त्तव्य निभा कर देखो
दूसरों से अपेक्षा नही खुद करके देखो।
आप ऐसा करेंगे
पड़ोसी आप की नकल करेगें
आप अपने आप में प्रसन्न रहेंगे
दूसरे भी आप से प्रसन्न रहेंगे
अगर आप दूसरों को ऐसा दिखायेंगे
भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनायेंगे।

❑❑❑

जिन्दगी के पल

– श्रीमती उर्मिला अग्रवाल

ख्वाईश नही मुझे मशहूर होने की
आप मुझे पहचानते है इतना ही काफी है।
अच्छे ने अच्छा, बुरे न बुरा जाना मुझे।
क्योंकि जिसकी जितनी समझ थी उतना ही पहचाना मुझे।
सोचती हूँ जिन्दगी का फलसफा भी कितना अजीब है।
दुख बहुत दुर निकल गये, जिन्दगी की इस शाम
में तन्हाई ही करीब है।
जिन्दगी के कुछ पल जिसे मैं थाम न सकी,
कुछ रिश्ते जिन्हें मैं अपना बना न सकी,
कुछ हंसी खुशी के दिन जो बहुत याद आते हैं
कुछ बीते लम्हे हमें रूला जाते है।
कोई मिलता है पर अजनबी सा मगर।
दिल यह करता है अच्छा है तन्हा सफर
सफर लम्बा है, बची है लम्हों की जिन्दगी,
कभी लगती सूरज की तपिश जिन्दगी,
कभी लगती ठण्डी छाँव जिन्दगी
कभी लगती शोर जिन्दगी
कभी मौत का पसरता सन्नाटा जिन्दगी
कभी समंदर जिन्दगी तो कभी रेगिस्तान जिन्दगी
समंदर जो चुपचाप बहता है अपनी मौज में रहता है।
जिन्दगी एक अहसास है जो मिल गया वह अपना है।
जो नही मिला वह सपना है
पंछी है ये जिन्दगी आज यहां तो कल उड़ जाना है
मालुम है कोई मोल नहीं मेरा, फिर भी अनमोल
शक्ति से रिश्ता रखती हूँ।
जिसे भगवान या फिर खुदा कहते है।

❑❑❑

मेरा उद्देश्य उपदेश देने से बेहतर अपने कर्म और जीवन से लोगों को संदेश देना है।

– विवेकानन्द

विधवा

– उर्मिला मिश्रा



यह मुख को अवगुंठित करके चली आ रही कौन ?
नही दृष्टि उसकी उठती, बनी शान्त और मौन।
नही खनकती चूड़ी उसकी, और न तन पर लाली है,
श्वेत रंग की साधारण सी, उसने पहनी साड़ी है।
अभी बसन्त है जीवन का वह तो नई नवेली है,
पतझड़ ने उसको लूट लिया अब तो निपट अकेली है।
जीवित है पर लगता जैसे जीनें की लाचारी है,
अभिशप्त समाज में बनी बेचारी दीन विधवा नारी है।
पतिहीना क्यों दीन हीना और अभागिन मानी जाती,
कड़वे तीखे व्यंग्य शरो का उपहार बेचारी क्यों पाती ?
बेटी बहिन किसी की प्यारी और वही महतारी है,
अपर रुप है पीछे उसके पहले वह तो नारी है।
एक दुखी को दुःख देने में लाज नहीं आती हमको,
जले हुए को और जलाना क्यों लगता अच्छा हमको।
जीवित रहने पर भी इसको जीने का आधार नहीं,
सुन्दर भूषण वसन पर क्यों इसका अधिकार नहीं।

❑❑❑

सागर से मिलन

– श्रीमती हेमन्त मिश्रा



पर्वतों की गोद छोड़, साये से निकली नदी मदमाती,
उछलती, कूदती, सफेद झाग आँचल फैलाये,
अपने में मगन, आगे ही आगे बढ़ती जाये,
दोनो किनारो को, अपने ऩें समेटे, बस चली ही जाये,
थके किनारे, कुछ बोलें, पर वो सुने तब ना।
वो तो सागर–मिलन की ललक में, सब कुछ भूली,
कभी इठलाती, बलखाती, कभी मन्थर गति से, झूमती चली जाती,
और पहुँच गई अपने सागर से मिलने, उसके पास,
अपने दोनों किनारों के साथ, जो कभी आपस में मिले नही,
अब सब एक साथ, चिर सागर मिलन को,
चिर सागर मिलन को...... चिर विहार को..... चिर विहार को........

❑❑❑

वृद्धावस्था के दस सूत्र

– लज्जाशंकर गोयल



1. आप अपने निवास पर, पूर्ण स्वतंत्रता व व्यक्तिगत सम्पूर्णता से जीवन गुजारे।
2. अपनी बैंक जमा व सम्पत्तियों पर अपना स्वामित्व बनाए रखें।
3. अपने बच्चों के वादों पर कि वे आपकी वृद्धावस्था में सम्पूर्ण देखभाल कर लेगें पर निर्भर न रहें। समय के साथ उनकी प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं।
4. अपने मित्रों का दायरा बढ़ायें और उनमें ऐसे मित्र भी हो जो आप से कम उम्र के हो अर्थात् आप के बाद उनका जीवन रहें।
5. आप किसी से अपनी तुलना ना करे और न किसी से उम्मीद से सुहाने सपने देखें।
6. अपने बच्चों के जीवन में हस्तक्षेप से बचे। उन्हें अपना जीवन उनकी स्वतंत्रता से जीने दो।
7. अपनी वृद्धावस्था को सहानुभूति मांगने, कृपा चाहने, ध्यान व आदर की अभिलाषा व देखरेख की भीख मांगने का आधार न बनायें।
8. प्रार्थना करे, पर ईश्वर से भी कुछ न मांगे। उसने जो कुछ, जितना कुछ दिया उसके लिए धन्यवाद दे व अपने परिजनों को क्षमा करते रहें। एक घण्टा ध्यान करें बस शान्त चुपचाप बैठें।
9. सबकी सुने लेकिन निर्णय अपनी स्वतंत्रता से ले।
10. अंतिम व सबसे महत्वपूर्ण – जीवन को सम्पूर्णता से जीये। खुद का कार्य खुद करें। सर्वोत्तम किस्म का भोजन, नियमित व संयमित आहार व्यायाम में कोताही न बरते। सर्वोत्तम मेडिकल सलाह से चलें।

❑❑❑

भ शब्द का विश्लेषण

– श्रीमती सरला गंभीर



भ से भवसागर। भ से भाव
भ से भजन। भ से भगवान।
यह मानव शरीर पाँच तत्वों से बना है, उन्हीं पाँच तत्वों से भगवान शब्द भी बना है।
1. भ से भूमि, 2. ग से गगन, 3. व से वायु,
4. अ से अग्नि, 5. न से नीर
भाव का भूखा हूँ मैं, भाव ही इक सार है।
भाव से मुझको भजो, भव से बेड़ा पार है।।
भाव बिन कोई पुकारे, मैं कभी सुनता नही।
टेर भक्ति भाव की, करती मुझे लाचार है।।
भाव बिन सबकुछ भी दो, मैं कुछ लेता नहीं।
भाव से एक फूल भी, वह मुझे स्वीकार है।।
अन्न धन वस्त्र कुछ नहीं चाहिये, आप हो जाइये मेरे, यही मेरा सत्कार है।
श्रद्धा भक्ति भाव से जो लेता मेरी शरण है, उसका और मेरे हृदय का, रहता इक तार है।।
बाध लेते है मुझे वो प्रेम की जंजीर से, इसलिये भूमि पर, होता मेरा अवतार है।।

❑❑❑

दिनचर्या से सुखी जीवन

– मांगीलाल तिवाड़ी



आप सुबह जल्दी उठकर स्नान ध्यान जप करते रहे,
भगवन के नाम का अमृत हमेशा पीते रहे,
फिर देखो कैसे तन मन निर्मल निरोग बना रहे।

आप सुबह शाम कुदरत में भ्रमण करते रहे,
मन्द सुगन्ध शीतल पवन को रोज लूटते रहे,
फिर देखो कैसे सुखी निरोग दीघार्यु होते रहे।

आप भूखे पेट, प्राणायाम, कसरत करते रहे,
तन मन के सारे रोग भगते रहे,
फिर देखो कैसे बूढे से जवान दिखते रहे।

आप ज्यादा न जगे, न ज्यादा सोते रहे,
हाथो से सब कार्य करे आनन्द की नीद लेते रहे,
फिर देखो कैसे आप नव जीवन पाते रहे।

आप ने ज्यादा न कम समय पर भोजन करते रहे,
जो भी खाय, उनको हजम करते रहे,
फिर देखो कैसे आप सुखी निरोग दीघार्यु होते रहे।

आप अपनी पेंशन घरेलू सदकार्यों में लगाते रहे,
बेटा बेटी, पौते पौती दौड़ दौड़ सेवा करते रहे,
फिर देखो कैसे वृद्धजनों की टेंशन हंसते–हंसते दूर रहे।

❑❑❑

शीला सक्सेना की याद में

– श्रीमती सरोज कपूर



संसार को छोड़ गई तुम, और छोड़ गई अपनी यादें,
जो दिल में बसी हैं, उसे कैसे भुलाऐं ....

माना भगवान के आगे, नहीं चलता जोर किसी का,
आना और जाना लगा है, ये किस्सा है जीवन का।

संसार में जो भी आये, और एक दिन छोड़ के जाए,
संसार का का यही नियम है, इसे कौन मिटाए ....

धन दौलत माल खजाना, सब यहीं रह जाता है,
खाली हाथों आया है, और खाली ही जाता है।

जीवन रुपी नैया को, भगवन ही पार लगाएँ,
जो यादे दिल में बसी हैं, इसे कौन भुलाए....
इसे कौन भुलाए ....

❑❑❑

ये कैसी चाहत ?

- अशोक कुमार मिश्रा



– हम लेना ही लेना चाहते है, देना कुछ भी नहीं चाहते।

– दूसरों की कमियाँ निकालते रहते हैं, अपनी कमियाँ नहीं देखते।

– नौकरी के लिए रोते रहते हैं, नौकरी मिलने पर काम नहीं करते।

– दूसरों के वैभव से अपनी तुलना करते है, मेहनत से नहीं।

– दूसरों के पद से अपने पद की तुलना करते हैं, उसकी पढ़ाई से नहीं।

– दूसरों का अपमान करते हैं, और खुद सम्मान की इच्छा करते हैं।

– दूसरों को चोर और भ्रष्टचारी बताते हैं, जबकि स्वयं पापाचारी है।

– दूसरों को अपनी व्यथा सुनाते हैं, और उनकी सुनना नहीं चाहते।

– दूसरों को कंजूस और मक्कार बताते हैं, खुद एक पैसा खर्च नहीं करना चाहते।

– दूसरों को दिया पैसा याद रखते हैं, और उनके पैसों की चर्चा भी नहीं करते।

– दूसरों को अपने अहसान हमेशा याद दिलाते हैं, लेकिन उनके भूल जाते हैं।

– दूसरों के दु:ख में शामिल होना नहीं चाहते, और उनसे मदद की इच्छा रखते हैं।

– दूसरों की खुशियाँ देखकर जलते हैं और अपनी खुशियों पर इतराते हैं।

– दूसरों की पार्टी में छक कर खाते–पीते हैं, और खुद की पार्टी में किफायत से काम चलाते है।

– दूसरो की बेटी बहू बन कर आये तो सब की सेवा कराये, अपनी बेटी जाये तो सबसे सेवा करवाये।

– दूसरों से मदद के लिए बार–बार फोन करते हैं, काम निकलने पर स्विच ऑफ कर देते है।

– दूसरों की ढकी की खोलने में बड़ा मजा आता है, अपनी खुलने पर गुस्सा आता है।

– दूसरों के काम में मीन मेख निकालते हैं, और खुद से कुछ होता नहीं है।

– दूसरों से कुछ लेना है तो गरीब बन जाते हैं, देना है तो मुँह छुपा लेते हैं।

❑❑❑

माँ


- प्रेम त्रिपाठी

माँ मैं करु तुझे प्रणाम, माँ मैं करु तुझे प्रणाम।
जीवन तेरा कांटो से भरा माँ मैने देखा,
हिमालय सा अटूट विश्वास माँ मैने तुझमें देखा।
तेरा अतुल्य साहस माँ मैने तुझमें देखा,
माँ मैं करु तुझे प्रणाम, माँ मैं करु तुझे प्रणाम।
दया भावना तुझमे देखी, कुशल ग्रहणी तुझमें देखी,
माँ मैं करु तुझे प्रणाम, माँ मैं करु तुझे प्रणाम।
संकट में कैसे जीना है ?, समय और समझ का नाता तुझसे सीखा,
माँ मैं करु तुझे प्रणाम, माँ मैं करु तुझे प्रणाम।।

❑❑❑

व्यायाम से स्वस्थ मस्तिष्क

- पी.सी. गुप्ता



– शारीरिक चुस्ती फुर्ती के लिये व्यायाम जरूरी है, मस्तिक के अध्ययन से यह बात सामने आई है कि इसे भी तुलनात्मक रूप से युवा और फुर्तीला बनाये रखने के लिये व्यायाम की जरूरत होती है।

– हम में से ज्यादातर लोगों का शरीर उम्र के पांचवे दशक में प्रवेश करते ही लचीलापन खोने लगता है। दौड़ने और शरीर की दूसरी गतिविधियाँ धीमी पड़ने लगती है। चाल–ढाल में बदलाव आ जाता है। कुछ ऐसा हमारे मस्तिष्क के साथ भी होता है। जिससे नई जानकारी का विश्लेषण शांति से नहीं हो पाता।

– जापान के (Exercise) व्यायाम के प्रोफेसर Huidatia Soya ने यह पता लगाने का प्रयास किया कि व्यायाम करने से मस्तिक पर उम्र के असर को धीमा किया जा सकता है। उनकी टीम ने 60 से 75 आयु के पुरुषों का अध्ययन किया, जिसमें पाया कि व्यायाम करने वाले आदमियों पर उम्र का बहुत कम असर हुआ।

– निष्कर्ष यह है कि रोज घूमने व हल्के व्यायाम करने से शरीर व मस्तिष्क युवा जैसा काम करता है।

❑❑❑

जीवनोपदेश

- लोकमनदास गोयल



सर्वोत्तम दिन	–	आज
सबसे बड़ा पाप	–	भय
सबसे खतरनाक वस्तु	–	घृणा
सबसे उपयुक्त समय	–	अभी
सबसे बड़ी आवश्यकता	–	सामान्य ज्ञान
सबसे विश्वसनीय मित्र	–	आपका अपना हाथ
सबसे बड़ी भूल	–	समय की बर्बादी
सबसे बड़ी बाधा	–	अधिक बोलना
सबसे बुरी भावना	–	ईर्ष्या
सबसे भाग्यशाली व्यक्ति	–	जो अपने काम में संलग्न हो।
सबसे सरल काम	–	दूसरे की गलतियाँ निकालना।
सबसे बड़ा शिक्षक	–	जो आपको सीखने की प्रेरणा दे।
सबसे बड़ा दिवालिया	–	जिसने अपना उत्साह खो दिया हो।
सब धर्मो का निचोड़	–	सच्चाई, ईमानदारी, विनम्रता।
सबसे बड़ा मूर्ख	–	आदतन शिकायतकर्त्ता।

❑❑❑

एक आदर्श व्यक्तित्व

- श्रीमती मंजु तोषनीवाल



तोषनीवाल इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. अजमेर के चेयरमैन श्री एम.जी. तोषनीवाल का जन्म 19.2.1933 को हुआ। आपने 1955 में इंजीनियरिंग कॉलेज, आगरा से बी.एस.सी. (इन्जीनियरिंग) की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त बॉम्बे में तोषनीवाल ब्रदर्स प्रा. लि. कम्पनी में कार्य प्रारम्भ किया व अजमेर के प्रति नैसर्गिक प्रेम के चलते आप अपने पूज्य पिता डॉ. गोविन्द राम तोषनीवाल के साथ अजमेर में उद्योग स्थापित करने की इच्छा लेकर पधारे।



तीन चार वर्षो के कठिन परिश्रम के पश्चात् भूमि अवाप्ती, भवन निर्माण के उपरान्त 1963 में फैक्ट्री में पहली बार उत्पादन प्रारम्भ हुआ।

इस फैक्ट्री को पूरे भारतवर्ष में टी.आई.पी.एल. के नाम से जाना पहचाना जाता है। मदनजी ने इस फैक्ट्री के शुरुआती दौर में इग्लैंड की WG Pye & BERCO स्विटजरलैण्ड की Polymetron व वैस्ट जर्मन की H & B नाम की जग प्रसिद्ध कम्पनियों के साथ भारत में उत्कृष्ट क्वालिटी के उत्पादों का निर्माण करने के लिए collaboration प्राप्त किया।

एम.जी. तोषनीवाल साहब, भाई साहब व मदनजी के नाम से लोकप्रिय रहे हैं। मदनजी ने लगभग पूरे संसार में भम्रण किया व अच्छे किस्म के उत्पादों का निर्माण करते रहे। अतः पूरे भारत में तोषनीवाल मार्का इन्स्टूमेन्ट्स का पर्यायवाची शब्द बन गया। यह मदनजी की मेहनत व लगन का ही परिणाम है।

यद्यपि पेशे से आप इन्जीनियर थे किन्तु काम के प्रति सर्मपण भाव की वजह से आप लेखा–जोखा, बैलेंस शीट की बारीकी से जांच, औद्योगिक विवाद अधिनियम, कम्पनी लॉ इत्यादि विषयों में पारंगत हो गये अतः अजमेर के अनेकानेक उद्योगपति विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए आपके पास आते रहते थे।

आप लम्बे समय से रोटरी इन्टरनेशनल से जुड़े हुए थे व सेवा कार्यों में तन, मन, धन से सेवा कार्य में लगे रहते थे। आप रोटरी में Multiple Paul Harris Fellow थे।

मदनजी, Employers Association of Rajasthan, Jaipur व Ajmer Engineers Institution, Ajmer तथा Computer Forum के संरक्षक तथा अजमेर लघु उद्योग संघ के संस्थापक सभापति थे। आप आई.आई.टी. कानपुर के सन् 2001 से 2004 तक गर्वनर रहे तथा CII National MSME Council के 2009–10 में मेम्बर रहे। वर्तमान में आप आर्यपुत्री विद्यालय, अजमेर के प्रधान थे।

आपके सद्प्रयासों से TIPL, Ajmer को Employers Association of Rajasthan द्वारा वर्ष 2007–08 प्रदेश के SSI क्षेत्र में सर्वोत्तम नियोक्ता घोषित किया गया था।

मदनजी, के प्रयासों से ही TIPL को ISO 9001 : 2000 Certified प्रमाणित किया गया।

मदनजी, द्वारा वर्तमान में TIPL कार्यशाला में Thermal एवं Electro-technical Calibration Laboratory की स्थापना की गई है व TIPL को अतिशीघ्र NABL Accredition मिलने वाली है।

मदनजी, ने अपने माता–पिता की स्मृति में नारायणदेवी गोविन्दराम तोषनीवाल, धमार्थ ट्रस्ट का गठन किया। उक्त ट्रस्ट द्वारा गावों में मैडीकल व

स्वास्थ्य कैम्प, Polio Aid की जानकारी के लिए कैम्प लगवाते रहते थे व गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करते रहे हैं। वृद्धाश्रम, Senior Citizen Sociey आदि में भी आप समय–समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान कर Social Oblization का निर्वहन करते रहे हैं।

मदनजी पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे अन्ततः आपने 6 मई, 2010 की प्रातः 6 बजे इस नश्वर संसार से विदाई ले ली। आपके द्वारा किये गये अनगिनत सद् कार्यों के लिए अजमेर वासी सदैव आपको याद करते रहेंगे उनके हृदय पटल पर आपकी प्रिय छवि सदैव अंकित रहेगी। ईश्वर आपकी आत्मा को चिर शान्ति प्रदान करें।

❑❑❑

कड़वी सच्चाई

– श्रीमती अंजना सिंह



बन्द कर दिये सांपों को सपेरो ने यह कहकर।
अब इंसान ही इंसान को डसने के काम आयेगा।।
गिद्ध भी चले गये कही ऐसा लगता है।
उन्होंने देख लिया है, इंसान हमसे ज्यादा नोंचता है।।
कुत्ते कोमा में चले गये ये देखकर।
क्या मस्त तलवे चाटता है इंसान।।
देके समाज की दुहाई त्याग दिया था जिस बेटी को जबरन बाप ने।
आज पिटते उसी शौहर के हाथों सरे बाजार देखा।।
जिसने नहीं दी माँ बाप को भर भेट रोटी उम्रभर कभी जीते जी।
आज उसे माँ बाप के मरने के बाद लगाते भंडारे देखा।।
जलाती रही अखण्ड ज्योति देशी घी की दिन रात पुजारन।
आज उसे प्रसव में कुपोषण के कारण मौत से लड़ते देखा।।
सुना है चढ़ा था सूली पे कोई दुनिया का दर्द मिटाने को।
आज चर्च में बेटे के मार से बिलखते माँ बाप को देखा।।
धैर्य हमेशा आपके आत्मविश्वास को बढ़ायेगा।
लग्न आपको मंजिल तक अवश्य पहुँचायेगी।।
मूल्यवान है जिन्दगी का हर लम्हा।
इसे व्यतीत न करे बल्कि जी भर के जिये।।
किसी भी बालक के लिये उसके पालक।
माता–पिता का ऋण चुकाना असम्भव है।।
बेटियाँ घर में संगीत की तरह होती है।
जब वह बोलती है, बिना रूके और सब कहते है चुप हो जाओ।।
जब खामोश हो जाती है तो माँ कहती है तबियत ठीक नहीं है क्या,
पापा कहते है घर में खामोशी क्यूँ है।।
भाई कहता है नाराज है क्या, जब शादी कर दी जाती है।
सब कहते है कि घर की रौनक ही चली गई।
सच में बेटियाँ संगीत की तरह ही होती है।।

❑❑❑

मानव व्यथा

– श्रीमती प्रभा शर्मा



इंसान बदला ज्यो–ज्यो, दुनिया बदल गई,
ईश्वर ने रुप बदला, प्रकृति मचल गई।
पग–पग पे कारखाने, बढ़ती हुई आबादी,
जीवों को छटती संख्या, जिन्दगी असल गई।
ढंग देखकर के इसके, कुदरत ने रंग बदला,
कही तूफान बरपाया, कही अग्नि मचल गई।
चेहरे पे कुछ दिखाएं, मन में छुपाएं कुछ,
बोलता कुछ और हैं, बुद्धि फिसल गई।
हर कोई लग रहा है, धन को बटोरने,
होशो–हवास खोए, सुख शान्ति निकल गई।
इंसान का पलटना, अब नहीं हैं मुमकिन,
ईमान इसका डूबा, चरित्रता फिसल गई।
सहना पड़ेगा खुद ही कर्मो का भोग इसका,
हाथों से राह सच की, जो निकल गई।
जो पा सके ना खुद को, उन्हें खुदा क्याँ मिलेगा,
माया की लालसा, सब निगल गई।
अंधे के आगे रोना, नयनों को अपने खोना,
नादानियों पे मोती, ममता पिघल गई।।

❑❑❑

अतृप्त मन

– श्रीमती मनोहर विजय



मनुष्य का मन कभी तृप्त नहीं होता है। जीवन में एक न एक, आगे से आगे, उसकी इच्छायें बढ़ती जाती है। आज के इस भौतिक युग में एवं एक दूसरे को देखकर तो विकट समस्या खड़ी हो जाती है।

मनुष्य का मन बकरे के समान हैं। बकरे की तरह यह भी 'मैं में' किया करता है। मेरा मेरा कहते ही जीवन बीतता जाता है। मन कभी तृप्त नहीं होता है।

एक राजा था। वह ज्ञानी एवं सत्संग प्रिय था। उसके यहां एक बकरा था। एक दिन राजा ने घोषणा करवाई कि 'इस बकरे को चराकर जो तृप्त कर देगा उसे अपना आधा राज्य दे दूंगा।' बकरे का पेट भरा या नहीं उसकी परीक्षा मैं करुँगा।

राजा के सेवक ने सोचा यह तो बड़ा आसान काम है। सारे दिन जंगल में हरी–हरी घास खिलाई। शाम को उस बकरे को राजा के पास ले गया, राजा ने जैसे ही उसे थोड़ी घास डाली वह खाने लगा।

इस तरह कई व्यक्तियों ने प्रयत्न किये लेकिन

किसी को सफलता नहीं मिली। एक सत्संगी व्यक्ति राजा के रहस्य को समझ गया। उसने युक्ति से काम लेने का निश्चय किया। वह बकरे को जंगल में ले गया जैसे ही वह घास खाता वह उसके मुंह पर लकड़ी की मारता। बकरा समझ गया कि मैं घास खाऊँगा तो मार पड़ेगी।

शाम को उस बकरे को राजा के पास लाया गया राजा ने बकरे के समक्ष घास रखी, बकरे ने मुँह फेर लिया। बकरे के मन में यह बात बैठ गई कि अगर मैं घास खाऊँगा तो मार पड़ेगी। बकरे ने घास नहीं खाई।

प्रश्न यह उठता है कि बकरा कौन है ? वह बकरा और कोई नहीं हमारा मन है। इसे घास खिलाने के लिये ले जाने वाली जीवात्मा है और राजा परमात्मा है। इस मन रुपी बकरे को पेट भर कोई खिला नहीं सकता, विषय–वासनाओं से तृप्त नहीं कर सकता। मन को काबू में रखो। इस पर अंकुश रखो। मन को विवेक रुपी लकड़ी से सचेत करो। मन के सुधरने पर ही मोक्ष मिलेगा अन्यथा जीवन क्रम चलता रहेगा।

किसी ने कहा है –

जग सराय है, कौन रुकेगा ? सांस चले जाने के बाद,
रिश्तो का भी खेल खत्म है, अपनो से मरने के ब़ाद,
जग तो मैला है मौजो का, रंगा–रंग मन होता इसमें,
बहुत कठिन होता फिर मिलना, साथ बिछुड़ जाने के बाद।

❑❑❑

बेटी सृष्टि का वरदान

– हीरालाल पटेल



होठों पर सहजता से, पसरी मधुर मुस्कान,
बेटी तो दुर्भाग्य की विदाई सुख की अंगडाई।
जीने की खुशबू फेले, अैसी अे अरमाई,
बेटी सृष्टि का सर्वोत्तम गीत,
समधुर संगीत ये प्यारी मीत।
बेटी ही धरा पर साक्षात अमला,
अेही तो कमला, अहो तो विमला
बेटी पुर्वजन्म की पुण्याई,
सुकर्म की कमाई, तुलसी की चौपाई।
बेटी माता–पिता की, आँख का पानी,
बंसंत ऋतु जैसी सुहानी,
परिवार को दे ऊँचाई अे आदर्स कहानी,
बेटी हृदय की प्रार्थना मनसे की हुई अर्चना,
आस्था–निष्ठा की वंदना,
बेटी नही पराया धन, अेहै लक्ष्मी का आगमन,
अे पराये को भी, अपनो में मीला दे,
अे है अैसा बंधन.........

❑❑❑

कन्या प्रेम से पालो

– प्रेम सिंह तंवर



नो महिने तक रखा उदर में, खूब विटामिन खाये थे।
तरह तरह की ली दवाईयाँ, फल खट्टे मीठे भाये थे।।
सम्भल–सम्भल कर कदम रखा, नहीं जीना चढ़ पाई थी।
भरी बाल्टी उठाई हाथ में, डांट पति की खाई थी।।
जब से सुना गर्भ में कन्या, धीरे धीरे पल रही है।
मन का मनका बैठा रसातल, दोनों हाथ मल रही है।।
करी कामना थी बेटे की, मन में लड्डू फूटे थे।
करे क्या अब इस कन्या का, भाग हमारे रूठे थे।।
बेटे की चाहत थी मन में, क्यू कर कन्या आई है।
जिन्दगी बेकार हो गई, मन मायूसी छाई है।।
मन में माँ के विषय में सोचा, गर यह भी ऐसा सोचती।
कहाँ से जगत में मैं आती, कैसे जीवन यह पाती।।
पलट गया कुछ सोच कर मन, अरु विचार भी बदल गये।
गर्भ में नौ महिने पाला, मन के सारे मैल धुल गये।।
मैं जनूंगी अपनी बेटी को, और हिम्मत से पालूँगी।
खाना पीना और पढ़ाना, अपने बूते कर लूंगी।।
अस्तित्व रखना गर मनुष्य का, कन्या उदर में मत मारो।
लक्ष्मी पार्वती और सरस्वती, यह सोच प्रेम से पालो।।

❑❑❑

ममता जगाये

– श्रीमती स्नेहा लोईवाल



विकास के सोपानों पर चढ़ने के बावजूद भी आज भारत में भ्रूण हत्या, बाल विवाह दहेज प्रथा मृत्यु के रूप में समाज में अपने औरत होने का दंश भोग रही है। लड़की परिवार के आंगन का एक नन्हा फूल है, जो उलझनों के थपेड़ो से बिखरता है। लड़कियाँ अभावों में भी, दु:खों में भी अपनी इच्छा शक्ति एवं बूते पर निर्भीक हौंसलो की उड़ान से जीवन की ऊँचाइयों को छूने का जज्बा रखती है। लड़की के जन्म से ही उसके जीवन में जंग की शुरुआत हो जाती है। उसे बार–बार याद दिलाया जाता है कि वह एक औरत है और उसे सपने देखने की इजाजत नहीं है।

अशिक्षित ही नहीं बल्कि ऊंचे औहदे वाले शिक्षित परिवारों में भी गर्भ में लड़की भ्रूण का पता चलने पर उसे गर्भ में ही समाप्त करने का प्रयास होता है।

हमारे राजस्थान, हरियाणा प्रदेशों में तो लड़कियों का अनुपात निरन्तर गिरता जा रहा है। सरकार इसके लिए कई पाबन्दियाँ लगा रही है परन्तु समाज

में लड़के से ही वंश के चलने की अवधारणा प्रचलित है, इससे स्त्री खुद ही इस कलुषित हत्या में शामिल होती जा रही है। उन्हें यह पता ही नहीं कि स्त्री ही वंश को आगे चलाने वाली जननी है जिसे यदि कोख में ही उसे समाप्त करने की मानसिकता रहेगी तो अकेला पुरुष कैसे समाज को आगे बढ़ा सकेगा। स्त्री व पुरुष दोनों एक दूसरे के पूरक है। इसें हम सबको मिलकर समाज में कन्या आगमन पर तिरस्कार की कालिमा को मिटाना होगा।

लिंगानुपात में जो असमानता आई है उससे कई जातियों व प्रदेशों में विवाह संबन्धों की कठिनाई भी सामने आने लग गई है।

यद्यपि सरकारे 1994 में गर्भाधारण पूर्व और प्रसव अधिनियम लागू किया है। जिला व राज्य स्तर पर अधिनियम को लागू करने के लिए समितियों का भी गठन किया है। भ्रूण लिंग निर्धारण के लिए सख्त नियम एवं जुर्माने के प्रावधान किए हैं। परन्तु हमारे कई चिकित्सक धन के लालच में चोरी छिपे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस अधिनियम के बनने के 22 साल बाद भी स्थिति में कोई परिवर्तन दिखाई नहीं पड़ रहा है। कानून बना देना ही मात्र समस्या का समाधान नहीं हो सकता। बल्कि इसके लिए देशव्यापी सामाजिक चेतना, स्त्री शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा चेतना व जागरुकता की सर्वाधिक आवश्यकता है। आईए, हम सब संकल्प ले कि कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक अभिशाप को रोकेगे व माँ की ममता एवं वात्सल्य को पल्लवित करने में सहयोग करेगें।

❑❑❑

आयुर्वेदिक दोहे

– महेशचन्द्र शर्मा



ठंड लगे जब आपको सर्दी से बेहाल,
नींबू मधु के साथ में अदरक पिये उबाल।
लाल टमाटर लीजिये खीरा सहित स्नेह,
जूस करेला साथ हो दूर रहे मधुमेह।
अजवायन और हींग ले लहसुन तेल पकाय,
मालिस जोड़ें की करें दर्द दूर हो जाय।
कफ़ से पीड़ित हो अगर खांसी बहुत सताय,
अजवायन की भाप ले, कफ तब बाहर आय।
मुंह में बदबू हो अगर, दाल चीनी मुख डाल,
बने सुगंधित मुख गंध दूर हो तत्काल।
तुलसी दल लीजिये, उठकर प्रातःकाल,
सेहत सुधरे आपकी तन–मन माला माल।
सात पत्र ले नीम के, खाली पेट चबाय,
दूर करें मधुमेह को, सब कुछ मन को भाय।
अजवायन को पीसिये, गाढ़ा लेप लगाय,
चर्म रोग सब दूर हो, तन कंचन बन जायें।
गाजर रस संग आंवला, बीस और चालीस ग्राम,
रक्त चाप, हृदय सही, पाये सब आराम। ❑❑❑

याद रखें


– अमर सिंह चौहान



भगवान् की वस्तुओं को अपनी मानना बेईमानी है। उन्हें अपनी बताकर किसी पर अहसान करना बेईमानी, अपने को उनका दानी घोषित कर रोब गाँठना बेईमानी और न देकर स्वयं मालिक बन बैठना तो सबसे बड़ी बेईमानी है। बेईमान की लोक–परलोक–दोनों में दुर्गति होती है। यह सदा स्मरण रखो कि सब कुछ भगवान् का है और सब भगवान् के रूप हैं। भगवान् की वस्तु भगवान् को जब जिस रूप में जैसे जरूरत हो, उसी रूप में वैसे ही देने के लिये ही वह वस्तु तुम्हें सौंपी गयी है और इस सेवा का तुम्हें सदा बदला मिलता रहता है – यहाँ योग–क्षेमका निर्वाह होता है और मति–गति शुभ होती है। आगे इससे भी बड़ा पुरस्कार मिलने वाला है, इस सेवा के बदले में मालिक स्वयं तुम्हें अपना आत्मदान करने वाले हैं। इसलिये ईमानदारी से सेवा करने में कभी मत चूको। ❑❑❑

जीने का श्रेयस्कर पथ

– ओमप्रकाश कच्छावा



84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य योनि मिली है। पिछले जन्मों के शुभ कर्मों का फल प्राप्त हुआ है। हमारी चाहत है कि इसका भरपूर लाभ लेवे। संसार को स्वर्ग बनावे, समाज मे फैली नफरत की आग को शांत कर प्रेम और सौहादर्य की दरिया बहावें। पानी और मन की गति एकसी है ऊपर से नीचे की ओर बहने की है। मनुष्य मन का स्वामी बने, उच्च विचार रखे – मनुष्य के जीवन में जो कुछ भी घटित होता है, वह विचारों का ही परिणाम है। यदि विचार पवित्र है तो वाणी और कर्म भी पवित्र होंगे। पवित्र विचार, वाणी व कार्य से जीवन में सब सुख प्राप्त होते है।

यदि कोई दुर्व्यवहार करता है, अन्य का अपमान करता है, शारीरिक या मानसिक हानि पहुँचाता है तो उसे निश्चित रूप से कलेश व दुःख ही प्राप्त होगा। हमें चाहिए कि सद्व्यवहार करे वाणी व कार्य में हिंसा का कोई स्थान नहीं हो तो हमें सुख मिलेगा। यदि कोई दुर्व्यवहार करे तो उससे दूर रहे, उसके दुर्व्यवहार को याद नहीं रखे। भूलने की चेष्टा करे तभी हमारे जीवन से वैर का अन्त हो सकेगा। यदि कोई अपमानित व निन्दा करता है तो उसे क्षमा दान देवे। क्षमा कमजोरी का लक्षण नहीं है, यह हमारे अन्दर विद्यमान आन्तरिक शक्ति का द्योतक है। सत्य व पवित्रता का ध्यान रखते हुए शक्ति सम्पन्न बने, आध्यात्मिक शक्ति विकसित करे। ईश वन्दना, कठिन परिश्रम, परोपकार, पाप कार्य से बचते हुए पुण्य अर्जित करते रहे। हमारी चाहत रहे कि हमारा व हमारे सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों का जीवन संवरता चला जावे। लेकिन हो उल्टा रहा है। जीवन व जिन्दगी का अर्थ, उद्देश्य व महत्व पर गंभीरता से चिन्तन करने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। सभी क्षेत्रों में असंतोष व मर्यादाएँ तार–तार होती दिखाई दे रही है। जीवन को उपयोगी व खुशहाल बनाने के लिए श्रेयस्कर पथ पर चलना होगा।

''दूसरों के भले के लिए जो सांस हम जीते है वही जिन्दगी है। जिन्दगी का वह रास्ता जो आपके मन, तन को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रखे''। अपने लिए तो पशु भी जी लेता है। जीवन का ऐसा ही पथ श्रेयस्कर है जो विराट मानव, समाज के लिए सुखद और मंगलकारी हो। जीवन की सार्थकता तभी है, जब हम इसमें उलझे नहीं, जिन्दगी का गुत्थियाँ सुलझाते हुए दिव्य, मानव बनने की ललक जीवित रखे। कषायों से बचे, राग–द्वेष मोह के बन्धन जीवन में प्रसन्नता का मार्ग अवरूद्ध करते है। मनुष्य होने के नाते दया, सत्य अहिंसा, परोपकार, कठोर, परिश्रम, ईमान, प्रभु भक्ति व क्षमा का भाव रखे। इन्हीं शक्तियों से वैर–भाव से बचा जा सकता है।

जीवन के सभी सुख, समूचा सौंदर्य इसी में है कि हम परमेश्वर की–मालिक की, उपस्थिति प्रतिक्षण अपने साथ में अनुभव करे। श्रेयस्कर पथ का राही न तो दूसरो के दोष देखता है और न दूसरों के कृत अकृत पर ध्यान देता है। वह अपने कृत–अकृत को देखता है। वही सद्पुरूष सभी दिशाओं में सुगन्ध फैलाता है। शील (सदाचार) की सुगन्ध सर्वप्रिय व श्रेष्ठ होती है। अतः शीलवान–सदाचारी बने।

❑❑❑

''पुष्कर चाहे योगदान''

– मुकेश भार्गव



तीर्थराज पुष्कर की महिमा का बखान स्वयं ब्रह्मा कैसे करे ? इसलिये उन्होंने हम पर छोड़ दिया है।

''महिमा अपार है, आखर थोड़े है''

''हरि अनन्त हरि कथा अनन्ता''

जैसे समुद्र के समान कोई जलाशय नहीं है वैसे ही पुष्कर राज के समान कोई तीर्थ सरोवर नहीं है।

पुष्कर चार युगों से सतयुग का तीर्थ है, यहाँ सतयुग का निवास है। विश्व की सर्वाधिक प्राचीन अरावली पर्वतमाला में पुष्कर राज एक गहरी प्राकृतिक झील के रूप में अवस्थित है। इस दृष्टि से पुष्कर तीर्थ एक प्राचीनतम सरोवर की श्रेणी में आता है।

घने वृक्षों से अच्छादित नाग पहाड़ के झरने से बहता नीर पुष्कर राज के नैसर्गिक सरोवर में समाविष्ट होता है। यहाँ चन्द्रोदय और सूर्योदय के दृश्य अत्यन्त मनोहारी होते हैं। पुष्कर भ्रमण से उत्साह व उमंग सहसा झलकता है। यहाँ की रातें शान्तिप्रद तनमन को शीतलता प्रदान करने वाली है। कार्तिक पूर्णिमा के पूर्व में चन्द्रोदय और पश्चिम में सूर्यास्त की एक साथ प्राकृतिक छटा एक ऐसा अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती है मानो ब्रह्माजी ने अपनी जन्म स्थली को विविधताओं से संजोकर तीर्थराज पुष्कर को अलंकृत किया हो।

तीर्थराज पुष्कर के यात्रियों से ज्ञात होता है कि इसके धार्मिक वैभव को शनैः–शनैः क्षति पहुँच रही है। श्रद्धालुओं की श्रद्धा पर आघात असहनीय पीड़ा है। प्रश्न उठता है कि तीर्थ राज पुष्कर को किसकी नजर लगी?

''अंग्रजों की तोप या मुगलों की तलवार,
इनसे भी घातक अधिक, अपसंस्कृति की धार''

विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए पुष्कर राज की सांस्कृतिक धरोहर के पौराणिक परिवेश की बलि की आवश्यकता नहीं है। पुराणों में तीर्थराज पुष्कर को पुण्य प्राप्ति का अक्षय भंडार बताया गया है। सभी धर्म ग्रन्थों में पुष्कर राज की महिमा का विशद् वर्णन मिलता है। तीर्थ यात्रा सुगम, सुखद धार्मिक महत्व के साथ हो तो पर्यटन को भी लाभ पहुँचता है। इससे संस्कृति की रक्षा और पुण्य अर्जन होता है –

''मक्खन रहता दूध में, फूलों भरी सुगंध
मानव जीवन का यथा, संस्कृति करे प्रबन्ध''

पुष्कर सरोवर आज बैचेन है इसका कारण उसके आंचल में मात्र चार–पाँच फुट पानी है। यह इन्द्रदेव की कृपा से ही राहत की सांस ले पाता है। वर्ष दर वर्ष सूखते जाना इसकी पीड़ा को दर्शाता है। उसके सम्मान में कमी आ रही है कहीं ऐसा तो नहीं हम हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने में असमर्थ है या कोई चूक हो रही है। सरोवर का मानव प्रदूषण और कचरे के कारण दम घुट रहा है। उसके अन्तस में जाने क्या–क्या समाता जा रहा है और हम मूक दर्शक बने पुण्य के स्थान पर पाप बटोरने में लगे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं, कि यह सरोवर सरस्वती नदी की भांति विलुप्त हो जाय। इसकी पीड़ा को समझ सुध लेने की आवश्यकता है।

''केवल तिथि संवत नहीं बदल रहा इतिहास
अंधकार को बदल कर भरिये नया प्रकाश।''

तीर्थ राज पुष्कर के महत्व की रक्षा हेतु जनप्रतिनिधियों ने आधे अधूरे अपर्याप्त प्रयत्न किये। यह प्रश्न है कि कैसे पर्याप्त प्रयत्न हो जिससे पुष्कर राज की जन आस्था क्षीण न हो। हमें इसके धार्मिक महत्व को अक्षुण्य रखना होगा। इस सांस्कृतिक धरोहर को खण्डित होने से बचाना होगा। धरोहर का संरक्षण केवल सरकार का इकलौता जिम्मा नहीं है। यह एक सामुहिक जिम्मेदारी है। सरकार सिर्फ सहयोगी बन सकती है। पूरे समाज को भागीदारी निभाने आगे आना होगा। रोगग्रस्त शरीर को जैसे पर्याप्त उपचार की जरूरत होती है। ऐसे ही इस ओर श्रेष्ठी वर्ग को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। उसके बिना घाटों की लुप्त होती छवि को पुनर्जीवित करना संभव नहीं होगा। भूजल संरक्षण के बिना सरोवर के गिरते जल

स्तर को रोक पाना संभव नहीं है।

कुण्ड में बोरिंग से पानी भरकर श्रद्धा पर कब तक मरहम लगाते रहेगे। उसके चारों ओर बने घाट ऐसे में कैसे अपने अस्तित्व की रक्षा कर पायेगें। इस पर सभी को विचार करना होगा। यहाँ वाल्ट डिज्नी कम्पनी को उद्त करना चाहूंगा।


''हमारे पैरों तले, हमारे चारों और अत्यधिक सौंदर्य से भरे नजारे फैले हुये हैं वे जमीन के भीतर है।'' फूलों के ह्रदय में है। साफ पानी के तालाबों में है, ज्वार–भाटा के बीच समुद्री झाड़ियों में है। यहाँ तक की पानी की बूंदों में भी है। आश्चर्य है कि हमारी पृथ्वी जो स्वर्ग का लेश मात्र हिस्सा है, इसमें जीवन की इतनी विविधता कैसे हो पर विचार करे। आईये वर्ष 2016–17 में ''प्रकृति संरक्षण वर्ष मनायें''

''हम सभी अपने–अपने कर्तव्य पूरे करें और यह शपथ ले कि बीमार पुष्कर राज को उसका खोया वैभव स्वास्थ्य और नैसर्गिक सुन्दरता पुनः लौटायेगें तब तक चैन से नहीं बैठेगें। तभी समस्त देवता हमारे प्रयासो से प्रसन्न हो ब्रह्मा की अनुकम्पा और आशीष बनकर हम अजमेरवासियों को सुख–समृद्धि और विकास के आयाम प्रदान करेगें।

❑❑❑

प्राणों से प्यारी अजमेर नगरी

– सुरेश शर्मा



मुझे प्राणों से भी प्यारी लागे अजमेर नगरी।
अजमेर नगरी यह ब्रह्मा की नगरी।।

ब्रह्मा विष्णु शंकर जी इसी धरा पर आके,
बूढ़ा पुष्कर, मध्यम पुष्कर, पुष्कर धाम कहाये,
इसलिये कहलाती है यह गुरुतीर्थ नगरी।। 1 ।।

तारागढ़ चामुण्डा बैठी, सारे जग की माता,
बजरंग गढ़ में गोरा भैरों, भैरवधाम में काला,
चारों और माता के मन्दिर, शोभा इसकी बढ़ाये।। 2 ।।

ऋषी दयानन्द देखो, इसी धरा पर धाये,
ऋषी उद्यान में देखो, इनके प्राण समाये,
आर्यों को भी प्यारे लगे मेरी नगरी।। 3 ।।


नारेली की भव्य छटा है इस नगरी में छायी,
ऋषि मुनियों की चरण धूनि इस नगर में छायी,
हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई सबको आयी नगरी।। 8 ।।

ख्वाजा मुइद्दीन चिश्ती इसी धरा पर आये,
इसीलिये मुस्लिम भाईयों को भी यह नगरी है भायी,
मनोकामना पूरी करती, यह प्यारी नगरी।। 5 ।।

आओ हम सब मिलकर, अपना धर्म निभाये,
स्वयं बने स्मार्ट और फिर नगरी को चमकाये,
धर्म और विज्ञान से मिलकर बने आदर्श नगरी।। 6 ।।

मुझे प्राणों से भी प्यारी लागे अजमेर नगरी।
मनभावन नगरी ये है पावन नगरी।। ध.।।

❑❑❑



सेन्सिट का गोवा अधिवेशन



- जी. के. जिरोता

- चिरंजीलाल शर्मा

सेन्सिट का 15वां अखिल भारतीय अधिवेशन गोवा के श्यामप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में दिनांक 06–03–2016 से 01–03–2016 तक सम्पन्न हुआ। पूरे देश एवं पड़ौसी राष्ट्र नेपाल से लगभग 1400 सदस्य शामिल हुए।

दिनांक 06 मार्च को गोवा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एडवोकेट फ्रांसिस्को डिसूजा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। बीच–बीच में शंखध्वनि होती रही। सरस्वती वन्दन के बाद मंच पर बैठे अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। श्री डिसूजा ने स्वागत भाषण में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का जीवन लम्बे अनुभवों से भरा हुआ है जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी का मिलना चाहिए और यह प्रक्रिया सतत चलती रहनी चाहिए इससे समाज सर्वागीण विकास ही करेगा। गोवा बहुत ही शान्त सुन्दर और अनुशासित प्रदेश है यहाँ वरिष्ठ जनों को मिलने वाली सुविधाऐं सभी प्रदेशों से अधिक हैं।

इसके पूर्व सेन्सिट के अध्यक्ष श्री डी. एन. चापके ने पूरे वर्ष का विवरण प्रस्तुत किया व विभिन्न प्रान्तों के किये गये उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

एक सत्र में हेल्पेज इण्डिया के डायरेक्टर श्री प्रकाशनारायण बोरगांवकर ने बहुत ही मनोरंजक तरीके से बताया कि इस आयु में हमें केयर गिवर (CARE-GIVER) की जरूरत पूरा करने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति ही सही देखभाल कर सकता है।

